उत्तर प्रदेश शासन
पर्यावरण अनुभाग
संख्या-22/2016/1789/55-पर्या-2016-99(पर्या)/2012
लखनऊ : दिनांक : 26 मई, 2016

कार्यालय-ज्ञाप

पर्यावरण विभाग में मा0 एन0जी0टी0 में विचाराधीन वादों एवं अन्य तात्कालिक प्रकृति के महत्वपूर्ण कार्यो के समयान्तर्गत निस्तारण हेतु एक अतिरिक्त अनुभाग के सृजन का निर्णय लिया गया है। उक्त अतिरिक्त अनुभाग के सृजन के आदेश निर्गत होने की तिथि से दिनांक 28-02-2017 तक या इससे पूर्व इसे समाप्त किये जाने की तिथि तक जो भी पहले हो, तक के लिये निम्नलिखित अस्थायी पदों को उनके नाम के सम्मुख अंकित वेतनमान/ग्रेड पे में सृजित करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

| क्रमांक | पदनाम | वेतन बैण्ड | ग्रड पे (रू0) | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुभाग अधिकारी | रू0 15600-39100 | 5400 | 01(एक) |
| 2 | समीक्षा अधिकारी | रू0 9300-34800 | 4800 | 04(चार) |
| 3 | सहायक समीक्षा अधिकारी | रू0 9300-34800 | 4200 | 01(एक) |
| 4 | कम्प्यूटर सहायक | रू0 5200-20200 | 2400 | 01(एक) |
| 5 | अनुसेवक | रू0 5200-20200 | 1900 | 01(एक) |

2- उक्त आदेश निर्गत होने के उपरान्त नये अनुभाग के सृजन व कार्य आवंटन का आदेश सचिवालय प्रशासन विभाग द्वारा निर्गत किया जायेगा।

3- इस सम्बन्ध में पूर्व निर्गत कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1590/55-पर्या-2016-45(रिट)/2016, दिनांक 29-04-2016 एतदद्वारा निरस्त किया जाता है।

4- उक्त पदों के सृजन पर आने वाला व्यय भार अनुदान संख्या-78 के सुसंगत लेखाशीर्ष/मदों से वहन किया जायेगा।

5- उक्त आदेश वित्त विभाग की अशा0 संख्या-ई-5-528/दस-2016, दिनांक 18 मई, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवानी सिंह खंगारोत
विशेष सचिव।

संख्या-22/2016/1789(1)/55-पर्या-2016-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- प्रमुख सचिव/सचिव, सचिवालय प्रशासन, वित्त, कार्मिक, प्राविधिक शिक्षा, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

5- निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, पर्यावरण विभाग, उ0प्र0 शासन।

6- वित्त(व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-7/सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग-1

7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

( आत्मा राम )
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।